एक नजर में

सीएम राइज सांदीपनी स्कूल में सीटें बढ़ाने की मांग

शुजालपुर, 20 जुलाई . नगर के मां शारदा सांदीपनी सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश के लिए बढ़ती विद्यार्थियों की संख्या और सीमित सीटों के कारण हो रही परेशानी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुजालपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी, शाजापुर के नाम विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा . ज्ञापन में एबीवीपी के नगर मंत्री अजय गुर्जर ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, लेकिन सीटों की कमी के कारण अनेक पात्र विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह रहे हैं . इससे विद्यार्थियों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है . परिषद ने मांग की कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में अतिरिक्त सीटों की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके . एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो विद्यार्थियों के हित में आगे भी आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे . ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुजालपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

उपाध्यक्ष जाटव और महासचिव चंदेल का सम्मान

शुजालपुर, 20 जुलाई . जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया . काली माता मंदिर परिसर में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मनोहर जाटव एवं जिला महासचिव बलबीर सिंह चंदेल का साफा बांधकर तथा पुष्पमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया . इस दौरान ढोल नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया . नई कार्यकारिणी में मनोहर जाटव, अचल सिंह मेवाड़ा, विजयपाल सिंह डोडिया, मोहन सिंह पंवार एवं लोकेंद्र राहुल मंडलोई सहित अन्य नेताओं को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है . वहीं बल्ला सोनी, बलबीर सिंह चंदेल, जगदीश कराड़ा और वेदप्रकाश शर्मा सहित अन्य नेताओं को जिला महासचिव तथा एडवोकेट रशीद बेग, मनीष परमार, अजब सिंह मेवाड़ा और कुमेर सिंह धनगर सहित अन्य नेताओं को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है . सम्मान समारोह में प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, पार्षद राजू दरबार, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, पूर्व जिला प्रवक्ता एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, सफाई कामगार जिला अध्यक्ष अजय मोर्टे, पार्षद जेपी परमार, पार्षद प्रतिनिधि हाजी सिद्दीक पठान, चांद सिंह राजपूत, रघुवीर बैस, दिलीप सिंह राजपूत, रामप्रसाद करंजिया, आबिद टेलर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे

मां नर्मदा को चुनरी ओढ़ाने 400 भक्तों का जत्था रवाना

शाजापुर, 20 जुलाई . ओंकारेश्वर महोदव के लिए सोमवार को 15वीं चुनरी यात्रा रवाना हुई . जो अच्छी बारिश, विश्व शांति और जनकल्याण की कामना से मां नर्मदा को 551 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे . इस यात्रा में करीब 400 श्रद्धालु शामिल हुए . ओंकारेश्वर भक्त मंडल के तत्वावधान में आयोजित यात्रा की शुरुआत मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई . पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली और ज्योति नगर से ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए . यात्रा के संयोजक भूपेंद्रसिंह मेढ़ा ने बताया कि यह यात्रा पिछले 15 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है . शुरुआत में कुछ श्रद्धालु साइकिल से यात्रा करते थे, लेकिन अब इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होने लगे हैं . उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर पहुंचने पर मां नर्मदा को 551 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी . साथ ही भगवान महाकाल से अच्छी बारिश, विश्व शांति और सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी . उन्होंने बताया कि यात्रा में अधिकांश श्रद्धालु बाइक और अन्य वाहनों से शामिल हुए हैं, जबकि महिलाओं की सुविधा के लिए बस की व्यवस्था की गई है . उन्होंने नगरवासियों से यात्रा में सहयोग की अपील करते हुए पुलिस प्रशासन का भी आभार जताया .

कहीं झमाझम, तो कहीं बूंदाबांदी भी नहीं

शाजापुर, 20 जुलाई . जिले में सोमवार शाम को झमाझम बारिश हुई, जिससे पिछले 10 दिनों से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली . हालांकि यह राहत कुछेक क्षेत्रों में ही बरसी जबकि आधे से ज्यादा क्षेत्र सूखे रहे, जहां मामूली बूंदाबांदी के बाद उमस से लोगों का बुरा हाल होने लगा . शाम करीब 5 .30 बजे मौसम में अचानक बदलाव आया और आसमान में घने बादल छा गए . जिले के कई हिस्सों में लगभग 20 मिनट तक तेज बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया . जबकि आधे से ज्यादा शहर बारिश के मामले में सूखा रहा . जहां दिनभर तेज धूप का सामना करने के बाद उनके हिस्से 5 मिनट के लिए हुई बूंदाबांदी ही आई . हालांकि मौसम विभाग द्वारा देर शाम को तेज बारिश की संभावना जताई गई है . इसके पूर्व रविवार को भी जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई थी, लेकिन उसके बाद फिर उमस बढ़ गई थी . सोमवार की शाम की बारिश ने किसानों को भी राहत दी है, क्योंकि सोयाबीन सहित खरीफ फसलों को इस समय नमी की सख्त आवश्यकता है . मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 33 .8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया . हवा में आर्द्रता 56 प्रतिशत रही और पश्चिमी दिशा से औसतन 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली . उनके पूर्वानुमान के अनुसार, शाजापुर जिले में सोमवार और मंगलवार की शाम व रात में हल्की वर्षा तथा पड़ोसी आगर जिले में मध्यम वर्षा की संभावना है .

48 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, 102 गिरफ्तारी वारंट तामील

300 पुलिसकर्मी-अधिकारी उतरे सड़कों पर, होटल, लॉज पर रखी नजर

शाजापुर । एसपी प्रियंका शुक्ला के निर्देशन व एएसपी के मार्गदर्शन में पुलिस ने रातभर अपराधियों की धरपकड़ का अभियान चलाया. इस अभियान में 300 से अधिक पुलिसकर्मी व अधिकारी शामिल हुए. वहीं खुद एसपी प्रियंका शुक्ला रातभर टीमों व थानों का निरीक्षण करती रही. जिसके चलते पूरे जिले में व्यापक और प्रभावी कॉम्बिंग गश्त की गई।

अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं 300 से अधिक पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. गश्त पर रवाना होने से पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं ब्रीफिंग प्रदान की गई. अभियान के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर पूरी रात अभियान की निगरानी करते हुए पुलिस टीमों का मार्गदर्शन किया. जिसमें पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने जिला बदर आरोपी अजहर पिता मुस्ताक खा 28 निवासी ज्योति नगर को बस स्टैंड से गिरफ्तार किया. इसके अलावा इस कॉम्बिंग गश्त के दौरान 48 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया. 102 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए. 6 जिला बदर अपराधियों का सत्यापन एवं जांच की गई. वहीं 68 गुंडा बदमाशों एवं 94 निगरानीशुदा बदमाशों की सघन चेकिंग की गई. 1 फरार वारंटी को गिरफ्तार किया गया. आबकारी अधिनियम के तहत भी पुलिस द्वारा 5 प्रकरण दर्ज किए गए. पुलिस ने 35 होटल, लॉज, ढाबों एवं धर्मशालाओं की भी सघन जांच की. तो गश्त के दौरान बैंक, एटीएम एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखी गई.

बदमाशों के ठिकानों पर भी पहुंची पुलिस...

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने सक्रिय अपराधियों, जेल से रिहा हुए बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के निवास एवं संभावित ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया. साथ ही उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. अभियान के अंतर्गत गुंडा, निगरानीशुदा एवं हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के रिकॉर्ड का अद्यतन कर उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की गई, जिससे अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनी रहे.

जारी रहेगा अभियान, कठोर कार्रवाई हमारी प्राथमिकता

एसपी प्रियंका शुक्ला ने जिलेवासियों को संदेश देते हुए बताया कि पुलिस जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है . अपराधियों पर सतत निगरानी एवं उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है . जिले में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के विशेष अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे .

नप को मिले 4 नए एल्डरमैन

सुसनेर । नगर के सर्वांगीण विकास को गति देने के क्रम में सोमवार को नगर परिषद सुसनेर में 4 नए एल्डरमेन की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई. जारी की गई सूची में नगर के प्रमुख समाजसेवियों व कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है, जिसमें श्रीमती डाली बाई पति कमल गर्ग, सुरेन्द्र सिंह लखावत, अंशुल जैन तथा दुलेसिंह गुर्जर शामिल हैं. स्थानीय जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं ने सभी मनोनीत एल्डरमेन सदस्यों पर विश्वास जताते हुए कहा सभी नव नियुक्त सदस्यों के लंबे अनुभव, सेवा भावना और जनहित के प्रति समर्पण से नगर परिषद के विकास कार्यों को एक नई दिशा और गति मिलेगी. हमें पूर्ण विश्वास है कि स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध सुसनेर के निर्माण में ये सभी अपनी महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभाएंगे. नवनियुक्त एल्डरमेन सदस्यों ने भी पार्टी नेतृत्व व नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सुसनेर नगर की समस्याओं के निराकरण और जन कल्याणकारी योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई.

बस स्टैंड क्षेत्र में घूम रहा जिलाबदर आरोपी पकड़ा

शाजापुर, 20 जुलाई. लालघाटी थाना पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी अजहर खान को रविवार शाम बस स्टैंड क्षेत्र से पकड़ा गया, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया और वहां से जेल भेज दिया गया. उस पर पूर्व में विभिन्न थानों में पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज है.

रविवार देर रात पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी अजहर पिता मुश्ताक खान 28 वर्ष निवासी ज्योतिनगर स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में घूम रहा है. इस सूचना के आधार पर लालघाटी थाना पुलिस ने बस स्टैंड गड्ढा क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया. आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत अपराध दर्ज किया गया है. प्रशासन ने उसके आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए 29 दिसंबर 2025 को उसे जिलाबदर किया था. सोमवार शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां गिरफ्तारी वारंट तामील होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अजहर के विरुद्ध लालघाटी और कोतवाली थानों में मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस सहित कुल पांच प्रकरण दर्ज हैं.

विद्युत पोल नहीं, बांस के सहारे रोशन हो रही द्वारकापुरी

लंबे समय से नहीं लगे बिजली के खंभे, रहवासियों को हादसे का डर

शाजापुर, 20 जुलाई. वार्ड क्रमांक 25 स्थित द्वारकापुरी कॉलोनी में बिजली व्यवस्था बदहाल है. यहां बिजली के पोल नहीं होने से तारों को बांस के सहारे लटकाकर बिजली सप्लाई की जा रही है. इसे लेकर रहवासी कई बार शिकायत भी कर चुके हैं ओर नाराजगी भी जता चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई कदम नहीं उठाया. नतीजन सोमवार को मूलीखेड़ा रोड पर कई बिजली के तार सड़क पर गिर गए. गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया.

यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि वे इस समस्या की शिकायत 5 से 6 बार जनसुनवाई में कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ. कॉलोनी में पक्की सड़क बनने के बावजूद बिजली व्यवस्था अस्थायी इंतजामों के भरोसे चल रही है. रहवासी अनिल पाटीदार ने बताया कि एक ही बांस के सहारे कई बिजली की केबल बांधी गई है. बारिश के दौरान तार टूटकर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. उनका आरोप है कि रविवार को तार गिरने के बाद भी बिजली कंपनी ने कोई सुधार कार्य नहीं किया.

बिजली के मामले में पिछड़ रहा शहर

बिजली कंपनी के लापरवाहीपूर्ण रवैये से द्वारकापुरी कॉलोनी ही नहीं, बल्कि पूरा शहर परेशान है. इनके द्वारा हर साल मेंटेनेंस किया जाता है, ताकि बारिश में समस्या न हो, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या भी बारिश के दिनों में ही आती है. इनके द्वारा किया गया मेंटेनेंस हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फ्लॉप शो साबित हुआ. यही नहीं अभी भी बिजली कंपनी द्वारा दिन रात बेतहाशा कटौती की जा रही है. जबकि इन दिनों गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा है, लेकिन बिजली कंपनी लापरवाही से बाज नहीं आ रही है. सोमवार को भी दिन में कई बार कटौती की गई. सबसे बड़ी समस्या ये है कि इनके अधिकारी लोगों की समस्या सुनने को तैयार ही नहीं है. क्योंकि अधिकारी पहले तो फोन नहीं उठाते और जब ज्यादा कॉल हो जाती है, तो मोबाइल बंद कर लेते हैं.

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

शाजापुर, 20 जुलाई. मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में ग्राम दुधाना के पास सोमवार दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया. सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहन बड़ोदिया पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया. घायल की पहचान डंगीचा निवासी श्याम पाल पुत्र रमेश चंद्र 35 वर्ष के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह बाइक से जा रहा था, तभी ग्राम दुधाना के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना पर डायल 112 के पायलट संतोष मालवीय और थाना स्टाफ के सत्यनारायण यादव मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी मोहन बड़ोदिया पहुंचाया गया. डॉक्टरों के अनुसार युवक के होंठ और चेहरे पर गंभीर चोट आई है, जिससे वह स्पष्ट रूप से बोल नहीं पा रहा है. बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है. पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है.

45 दिव्यांगों को 164 सहायक उपकरणों का किया वितरण

शाजापुर, 20 जुलाई. प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में आज जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर में भोजमुक्त विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें मोट्रेट ट्राइसिकल 2, ट्राइसिकल 6, कान की मशीन 66, कमर का बैल्ट 17, घुटने का बैल्ट 36, बैसाखी 6, छड़ी 24, व्हीलचेयर 3, कंधे का बैल्ट 02, रोलेटर 01, टीएलएम कीट 2, इस प्रकार कुल 45 दिव्यांगजनों को 164 दिव्यांग सहायक उपकरण का वितरण किया गया.

जनशिक्षकों का पांच दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण शुरू

शाजापुर । जिले के सभी विकासखंड के जनशिक्षकों का 5-5 दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शाजापुर में 20 जुलाई से शुरू हुआ.

जो कि आगामी 5 दिनों तक विभिन्न अकादमिक बिंदुओं पर, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सीएसी की भूमिका एवं दायित्व, सीएसी की अकादमिक मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग, आदर्श विद्यालय, निर्माण प्रक्रिया, एसएमसी का सुदृढ़ीकरण, छात्र के लिए सरकारी योजनाएं, एजुकेशन पोर्टल 3.0, वार्षिक कार्य योजना निर्माण, 21वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल, शैक्षणिक मेंटरिंग आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जनशिक्षकों से परिचर्चा आयोजित की जाएगी. प्रशिक्षण के प्रथम दिन डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव द्वारा सभी उपस्थित जनशिक्षकों को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सहभागिता करें और अपने कार्य क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करें. इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर, वरिष्ठ व्याख्याता एमडी शर्मा, दीपक शर्मा, मास्टर ट्रेनर मनोज शर्मा, शिवनारायण कादरा, प्रमोद गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, घनश्याम पाटीदार सहित प्रथम चरण में अपेक्षित सभी जनशिक्षक उपस्थित थे.

छात्रावास परिसर में सुदृढ़ हो सुरक्षा व्यवस्था

जिला संयोजक ने जिले के विभिन्न छात्रावासों का किया निरीक्षण

शाजापुर, 20 जुलाई. जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास शाजापुर जिला संयोजक रमेश चौहान द्वारा गत दिवस शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास मक्सी एवं शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास मक्सी, शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास क्रमांक 1 शाजापुर, शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास क्रमांक 2 शाजापुर, शासकीय अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालयीन छात्रावास शाजापुर एवं शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास शाजापुर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधीक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित पाए गए.

जिला संयोजक रमेश चौहान द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों संबंधी जानकारी ली गई. विद्यार्थियों ने बताया कि छात्रावास में उन्हें नियमित एवं समय पर भोजन, नाश्ता, अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण, साथियों के साथ समूह में पढ़ाई का अवसर, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता, अनुशासनपूर्ण दिनचर्या तथा अधीक्षक द्वारा सतत मार्गदर्शन प्राप्त होता हैं. बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए. पेयजल की शुद्धता, टंकियों की नियमित साफ-सफाई एवं परिसर, रसोई, शौचालय व कमरों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए. विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया. छात्रावास परिसर में सीसीटीवी कैमरे चालू एवं कार्यशील रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए. जिला संयोजक द्वारा भवन एवं अधोसंरचना कुछ स्थानों पर दरवाजे, खिड़कियां, विद्युत लाइन एवं अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पाए जाने पर शीघ्र मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए गए.

एक नजर में ▶ **सोयाबीन एवं अन्य फसलों के लिए किसानों को उपयोगी सलाह**

खरपतवार नियंत्रण के लिए डोरा चलाएं, हाथ से करें निदाई-गुढ़ाई

शाजापुर, 20 जुलाई. जिले में बोनी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होकर किसान को सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण के लिए उपयोगी सलाह दी गई हैं. जिसके तहत सोयाबीन की फसल में बुआई के बाद पहले 30 से 34 दिन खरपतवार नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं.

खरपतवार के कारण सोयाबीन फसल के उत्पादन में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए फसल को प्रारम्भिक 45 दिन खरपतवार मुक्त रखना अत्यंत आवश्यक है.

अत: सलाह दी गई है कि किसान अपनी सुविधा अनुसार खरपतवार नियंत्रण की विभिन्न अनुशंसित विधियों जैसे डोरा चलाना, कुल्पा, हाथ के निदाई गुढ़ाई, रासायनिक खरपतवारनाशक में से किसी एक का प्रयोग करें. साथ ही खेत को खरपतवार से साफ रखें, ताकि उपलब्ध नमी का लाभ फसल को मिल सके. वर्तमान मौसम में सोयाबीन फसल में तना मक्खी, तम्बाकू की इल्ली एवं सेमीलूपर के प्रकोप की संभावना होने से किसान सप्ताह में कम से कम 2-3 बार खेत का निरीक्षण करें. पत्तियों के नीचे अंडों के गुच्छे एवं छोटी इल्लियां दिखाई देने पर उन्हें नष्ट करें. मित्र कीटों का संरक्षण करें तथा अनावश्यक कीटनाशकों का प्रयोग न करें. उपसंचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि किसी भी कीटनाशक का उपयोग कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र अथवा अधिकृत कृषि विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही प्रयोग करें. समय पर निगरानी एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर सोयाबीन फसल को इल्ली से सुरक्षित रखा जा सकता हैं.

किसान 31 तक करा लें फसल का बीमा...

शाजापुर, 20 जुलाई . प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शाजापुर जिले में खरीफ फसलों के बीमा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है . जिले में मनाए जा रहे फसल बीमा माह के अंतर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषकों की अधिसूचित खरीफ फसलों का व्यापक स्तर पर बीमा किया जा रहा है . किसान 31 जुलाई तक अपनी फसल का बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं, अल नीनो से होने वाले संभावित नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं . कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक पात्र किसानों का फसल बीमा सुनिश्चित किया जाए . उन्होंने ग्राम स्तर पर प्रभावी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि जिले का कोई भी पात्र किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित न रहे .

खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

शाजापुर, 20 जुलाई. जून 2026 तिमाही के लिए खंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा. अग्रणी जिला प्रबंधक शैलेन्द्र सुमन ने बताया कि जिले की चारों ब्लाकों की जनपद पंचायतों में दोपहर 3 बजे से खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन होगा. जिसमें कालापीपल ब्लाक में 22 जुलाई, शाजापुर ब्लाक में 23 जुलाई, शुजालपुर ब्लाक में 24 जुलाई एवं मोहन बड़ोदिया ब्लाक में 31 जुलाई को दोपहर 3 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी. अग्रणी जिला प्रबंधक शैलेन्द्र सुमन ने बताया कि बैठक में शासकीय योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा, वार्षिक साख योजना 2026-27, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा एवं अन्य अनुमत विषयों तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा के संबंध में चर्चा की जाएगी.